भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: †2262
12 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रदर्शन की समीक्षा

† 2262. श्री बिप्लब कुमार देब:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पिछले दस वर्षों में नीति आयोग, भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक आदि स्वतंत्र संस्थानों द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र के सुधार पर केन्द्रित शहरी मिशनों की तृतीय-पक्ष लेखापरीक्षा या उनके कार्यनिष्पादन की समीक्षा की गई है; और

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): जी हाँ, गत दस वर्षों में स्वतंत्र संस्थानों द्वारा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम) के कई तृतीय-पक्षीय मूल्यांकन किए गए हैं, जिनमें नीति आयोग (विकास निगरानी और मूल्यांकन कार्यालय), नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) और वार्षिक सामान्य समीक्षा मिशन शामिल हैं। इन समीक्षाओं में एनयूएचएम के विभिन्न आयामों का मूल्यांकन किया गया है, जिनमें अवसंरचना विकास, मानव संसाधन तैनाती, निधि का उपयोग, सामुदायिक प्रक्रियाएं, देखभाल की गुणवत्ता और सेवा वितरण के परिणाम शामिल हैं।

भारत में शहरी मिशनों के लिए निम्नलिखित तृतीय-पक्ष ऑडिट, प्रदर्शन समीक्षा या मूल्यांकन किए गए हैं:

1. नीति आयोग द्वारा मूल्यांकन:

   नीति आयोग ने अपने विकास निगरानी एवं मूल्यांकन कार्यालय (डीएमईओ) से भारत में सभी केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) का स्वतंत्र तृतीय-पक्षीय मूल्यांकन करवाया, जिसमें स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित योजनाएं भी शामिल हैं। उचित अधिकारियों को योजनाओं के युक्ति-करण के लिए निष्कर्ष उपलब्ध कराने हेतु मूल्यांकन 2019-2021 और फिर 2025-26 में समयबद्ध तरीके से आयोजित किया गया था। इन रिपोर्टों को व्यय विभाग और संबंधित

मंत्रालयों/विभागों के साथ विचारार्थ साझा किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम/एनयूएचएम) के योजना स्तरीय विश्लेषण सहित मूल्यांकन रिपोर्ट डीएमईओ की वेबसाइट https://dmeo.gov.in/evaluation पर उपलब्ध है।

2. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) द्वारा लेखापरीक्षा:

   भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने कई राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) में जन स्वास्थ्य अवसंरचना और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन पर कार्यनिष्पादन लेखापरीक्षाएं की हैं। इन लेखापरीक्षाओं में, व्यापक जन स्वास्थ्य कार्यनिष्पादन लेखापरीक्षाओं के दायरे में उन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम) के कार्यनिष्पादन और कार्यान्वयन पहलुओं को शामिल किया गया है। ये राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-विशिष्ट रिपोर्टें संबंधित सीएजी रिपोर्ट वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं।

3. इसके अतिरिक्त, मंत्रालय द्वारा सामान्य समीक्षा मिशन (सीआरएम), निगरानी दौरे आदि जैसी प्रक्रियाओं के माध्यम से समय-समय पर कार्यनिष्पादन समीक्षा भी की गई है।

*****